## संक्षिप्त

### सुरेश शर्मा बने निर्विरोध अध्यक्ष



सुरेश शर्मा

**मालपुरा, (निसं)।** राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ मालपुरा शाखा की हुई बैठक में सुरेश शर्मा को लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। संगठन की कार्यकारिणी में संरक्षक श्रवण लाल वर्मा, मंत्री राकेश चौधरी, कोषाध्यक्ष नन्दलाल योगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीता धाबाई, महेश शर्मा, सचिव रेखा गहलोत, उपाध्यक्ष बुद्धिप्रकाश खटीक, इकराम अली, रेणु खंगार, संगठन मंत्री हिमांशु गालव, नयन भारद्वाज, सीताराम गुर्जर, महिला मंत्री नाथी देवी, प्रवक्ता अजय शर्मा को बनाया गया। नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को माला व साफा पहना जोरदार स्वागत किया गया।

### एडीएम योगेश कुमार का स्थानांतरण

**कोटपूतली, (निसं)।** राज्य सरकार द्वारा शुक्रवार शाम किये गये आरएएस अधिकारियों की तबादला सूची में यहाँ तैनात अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार डागुर का स्थानान्तरण कर एडीएम अलवर द्वितीय लगाया गया है। जबकि उनके स्थान पर अनूपगढ से ओमप्रकाश सहारण को एडीएम कोटपूतली लगाया गया है।

### टोडारायसिंह बस स्टेण्ड पर मिला शव

**मालपुरा, (निसं)।** टोडारायसिंह कस्बे के नवीन बस स्टेण्ड पर शुक्रवार की सवेरे अज्ञात व्यक्ति का लावारिस शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सुरक्षा में ले अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक के हाथ पर अम्बालाल व नर्बदा तथा मंजू देवी नाम गुदा हुआ है। मृतक के पास किसी प्रकार का कोई दस्तावेज नहीं मिलने से शिनाख्त नहीं हो सकी। शव को मोर्चरी में रखवा पुलिस शिनाख्त के प्रयास में जुटी।

### रक्तदान के पोस्टर का विमोचन

**मनोहरपुर, (निसं)।** जन-जन के लाडले व शाहपुरा के लोकप्रिय विधायक मनीष यादव के द्वारा मुस्लिम यूथ फाउंडेशन शाहपुरा के तत्वाधान में आयोजित तृतीय विशाल रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुस्लिम यूथ फाउंडेशन शाहपुरा के अध्यक्ष मोहम्मद अंसार, मुस्लिम यूथ फाउंडेशन शाहपुरा के संस्थापक शाहरुख खान, मुकेश खुडानिया, मो.आकिब, वसीम खान, इमरान खान, महेंद्र जाट, अकिल अख्तर, सोनू वर्मा, फारुख खान, गुलशन, सुरेंद्र चौधरी, शहजाद, ताज, एवं समस्त टीम मुस्लिम यूथ फाउंडेशन शाहपुरा मौजूद रही।

### पीएम सूर्यघर लाभार्थी शिविर आज

**पावटा, (निसं)।** कनिष्ठ अभियंता कार्यालय पावटा, प्रागपुरा कनिष्ठ अभियंता गोवर्धनपुरा, ग्राम पंचायत गोवर्धनपुरा कनिष्ठ अभियंता कार्यालय के अंतर्गत शनिवार को ग्राम पंचायत भूरी भडाज में प्रात: 10 से दोपहर 1 बजे तक पीएम सूर्य घर लाभार्थी शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर मुत बिजली योजना के तहत मुत बिजली उपलब्ध करवाए जाने को लेकर उपभोक्ताओ को जागरूक किया जाएगा। इस योजना के तहत उपभोक्ता अपने घर की छतों पर सोलर पैनल लगवाने में सब्सिडी प्राप्त कर सकता है। उपभोक्ताओं से शिविर मे उपस्थित होकर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

### सड़क दुघर्टना में युवक की मौत

**टोंक, (निसं)।** पुरानी टोंक थाना क्षेत्र के बम्बोर गेट के पास मुख्य मार्ग पर बीती रात को मोटरसाईकिल सवार युवक की चौपहिया वाहन से भिडंत में मौत हो गई। थानाधिकारी उदयवीर सिंह ने बताया कि मृतक विशाल सैनी पुत्र जगदीश सैनी उम्र 22 साल निवासी मोदी की चौकी जो बीती देर सायं अपनी मोटरसाईकिल से छावनी चौराहे से घन्टाघर की ओर आ रहा था, उसी दौरान एक्सिस बैक के सामने एक चौपहिया वाहन से आमने सामने की भिडन्त हो गई, जिसमें युवक ने घटना स्थल पर ही दम तोड दिया। पुलिस ने वाहन चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज अनुसंधान शुरू किया।

# ट्रेलर की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत, ग्रामीणों ने किया हंगामा

- गुस्साये लोगों ने ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की मांग की
- पावटा नारेहडा एमडीआर मार्ग पर हुआ सड़क हादसा
- दुर्घटना के बाद ड्राइवर ट्रेलर लेकर मौके से फरार



ओवरलोड व तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई और स्पीड ब्रेकर लगवाने का आश्वासन पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन को समाप्त किया।

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर क्षेत्र के पावटा उपखंड में शनिमंदिर के पास नारेहडा एमडीआर मार्ग पर सडक दुर्घटना में एक पूर्व सैनिक की मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी लगते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। सूचना पर पहुंची प्रागपुरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन लेकर भाग निकला। वही आसपास के लोगों ने हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को दी।

पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर दुर्घटनाकारित ट्रेलर की तलाश कर रही है। वही हेड कांस्टेबल रामकृष्ण यादव ने बताया कि सडक दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे जहां ट्रेलर ने स्कूटी सवार पूर्व सैनिक राधेश्याम सैन निवासी पावटा को टक्कर मार दी। जिससे पूर्व सैनिक राधेश्याम सैन की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद ड्राइवर ट्रेलर लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन पर देरी से आने का आरोप लगाया और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दुर्घटना के आधा घंटे बाद भी एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। प्रागपुरा थाना पुलिस ने दुर्घटना स्थल पर पहुँचकर शव को उपजिला अस्पताल पावटा की मोर्चरी में रखवाया। ग्रामीणों ने सडक मार्ग पर एकत्रित होकर परिवहन विभाग और नगर पालिका प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व में हुई सडक दुर्घटनाओं को लेकर नगर पालिका प्रशासन को कई बार व्यस्ततम सडक मार्ग पर आबादी क्षेत्र में स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की गई थी। सडक मार्ग पर आए दिन ओवरलोड वाहन व भारी वाहनों के कारण हादसों की आशंका बनी रहती है। इस रोड में भारी वाहनों की रफ्तार पर लगाम नहीं है। इसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। शुक्रवार को हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने इस पर लगाम लगाने की मांग की। घटनास्थल पर पावटा उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय, तहसीलदार प्रवीण सैनी, थाना अधिकारी राजेश कुमार समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर आमजन को समझाइश कर शांत करवाया और जल्द ही ओवरलोड व तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई और स्पीड ब्रेकर लगवाने का आश्वासन पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन को समाप्त किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित प्रकरणों के निस्तारण पर बैठक

**किशनगढबास, (निसं)।** तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 1 प्रशांत चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 28 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों सहित अधिवक्ताओं के साथ चर्चा कर आयोजन को सफल बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या-2 जगदीश प्रसाद मीणा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री अंकिता सिंघल, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. रिमझिम, उपखंड अधिकारी किशनगढबास मूलचंद लूनिया, पुलिस उपाधीक्षक राजेंद्र सिंह निरवान, थानाधिकारी किशनगढबास जितेंद्र सिंह शेखावत, सहायक थानाधिकारी खैरथल राजेश यादव, सहायक थानाधिकारी कोटकासिम शहाबुद्दीन, लीड जिला प्रबंधक अनुपम नाथानी सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, एम.ए.सी.टी. प्रकरणों में पर भी करने वाले अधिवक्ता उपस्थित रहे। इस दौरान एम.ए.सी.टी. प्रकरणों में बीमा कम्पनी की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्तागण एवं क्लेमेंट अधिवक्ताओं को अधिकाधिक प्रकरणों को राष्ट्रीय लोक अदालत में रैफर करवा कर निस्तारण हेतु प्रेरित किया गया एवं एम.ए.सी.टी. प्रकरणों के निस्तारण हेतु निर्देश दिए। राजस्व प्रकरणों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक चिन्हित कर निस्तारण करने हेतु एसडीएम को कहा गया। पुलिस अधिकारियों को प्री लिटिगेशन प्रकरणों एवं लंबित प्रकरणों की नोटिस तमिल समय पर करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान बैठक में बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजीत राव, अपर लोक अभियोजक 01 वीरेंद्र सिंह नरूका, अधिवक्ता सुनील यादव, सुधीर गुप्ता, रामजस यादव, सुनील दत्त, भानु प्रकाश अठावाल, सलीम अहमद, खेमचंद धामानी, सुनील गुप्ता, राजेश मिश्रा, प्रताप सिंह सैन, अशोक बारोठ, अयूब खान आदि मौजूद रहे।

## फायरिंग व हत्या के प्रयास की वारदात का आरोपी गिरफ्तार

- वारदात में प्रयुक्त एक देशी पिस्टल व तीन जिंदा कारतूस बरामद



आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों के 11 प्रकरण दर्ज है।

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने ग्राम गोनेडा में हुई फायरिंग व हत्या के प्रयास की वारदात के एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है।

एसएचओ मोहर सिंह मीणा ने बताया कि विगत 26 अगस्त को ग्राम गोनेडा निवासी परिवादी ओमप्रकाश गुर्जर ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि उसके भांजों नितेश व संदीप पर अभियुक्त विकास व अन्य के द्वारा गाली गलौच करते हुये अंधाधुंध फायरिंग कर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया गया। इस सम्बंध में गठित पुलिस टीम ने अभियुक्त विकास की तलाश में थाना क्षेत्र समेत कोटपूतली, नीमराणा, पाटन, नांगल चौधरी आदि ईलाकों में तलाश की गई। साईबर टीम की मदद से पुलिस ने गुरूवार 5 सितम्बर को सोता पुलिया से वांछित आरोपी विकास उर्फ विक्की पोषवाल (23) पुत्र किशन लाल गुर्जर निवासी ग्राम गोनेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त देशी पिस्टल व तीन जिंदा कारतुस भी बरामद किये है। आरोपी विकास पोषवाल पनियाला थाने का हिस्ट्रीशीटर व टॉप टेन अपराधी है। जिसके विरूद्ध पनियाला समेत कोटपूतली, सीकर के पाटन, झुन्झुनु के मेहाडा व सदर नीमकाथाना में विभिन्न अपराधों के 11 प्रकरण दर्ज है। आरोपी की गिरफ्तारी में कानि. लखन सिंह की विशेष भूमिका रही।

## कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में जाना

- रामगढ़ पचवारा में विभिन्न विभिागों का निरीक्षण कर दिये निर्देश

**दौसा, (निसं)।** जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को उपखंड रामगढ पचवारा के दौरे के दौरान राहुवास में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पुलिस स्टेशन, तहसील कार्यालय, रामगढ पचवारा में पंचायत समिति कार्यालय, जय ज्वाला स्वयं सहायता समूह एवं रालावास में राजकीय माध्यमिक विद्यालय का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राहुवास का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में जाना। इस दौरान उन्होंने केंद्र में लेबर रूम, ओपीडी व आईपीडी का अवलोकन कर, टीकाकरण कार्य समयबद्घ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर चिकित्सा व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक भी लिया। उन्होंने दवा वितरण केंद्र में दवाईयों की उपलब्धता के बारे में जानकारी लेकर स्टॉक को व्यवस्थित रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को मौसमी बीमारियों के मध्य नजर चिकित्सा के समुचित बंदोबस्त रखने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने राहुवास पुलिस स्टेशन का निरीक्षण करते हुए थाना क्षेत्र अंतर्गत कानून व्यवस्था की जानकारी, अपराधों की प्रकृति एवं प्रतिदिन आने वाले परिवादों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि फरियादियों से संवेदनशील व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनें।

जिला कलेक्टर ने राहुवास तहसील एवं पंचायत समिति कार्यालय रामगढ पचवारा का अवलोकन करते हुए आमजन के परिवादों का निश्चित समयसीमा में निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में ई-फाइल प्रणाली को शत-प्रतिशत लागू करें। उन्होंने रामगढ पचवारा में जय ज्वाला स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पादों की मांग और आपूर्ति के बारे में विस्तृत जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार सरकारी सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने रालावास में राजकीय माध्यमिक विद्यालय का अवलोकन करते हुए कक्षा 10,11 एवं 12 के बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता को बातचीत एवं प्रश्नोत्तरी के माध्यम से परखा। उन्होंने अंग्रेजी भाषा विषय की शिक्षा व्यवस्था में और सुधार करने के निर्देश दिए।

## अलवर में अर्तिका शुक्ला को कलेक्टर लगाया

- 11 माह में अलवर में चौथा कलेक्टर बदला, खैरथल-तिजारा में किशोर कुमार नए कलेक्टर

**अलवर, (निसं)।** अलवर कलेक्टर अब अर्तिका शुक्ला होंगी, जिनको खैरथल-तिजारा से अलवर भेजा है।

खैरथल तिजारा में 2014 बैच के आईएएस किशोर कुमार को लगाया है। पिछले 11 महीने में अलवर में चार कलेक्टर बदल चुके हैं। विधानसभा चुनाव के बीच में कलेक्टर पुखराज सेन को चुनाव आयोग ने बदल दिया था। अलवर में मई 2023 में पुखराज सेन को अलवर कलेक्टर लगाया गया था। अक्टूबर 2024 में चुनाव आयोग ने उनको हटा दिया और अविचल चतुर्वेदी को जिम्मेदारी दी। विधानसभा चुनाव 2024 सम्पन्न होने के बाद 8 जनवरी 2024 को आशीष गुप्ता को अलवर कलेक्टर लगा दिया। जिन्होंने करीब 8 महीने तक काम किया। अब उनका तबादला कर अर्तिका शुक्ला को अलवर कलेक्टर की जिम्मेदारी दी है। इस तरह पिछले 11 महीने में अलवर में 4 कलेक्टर आ चुके हैं। अर्तिका शुक्ला अलवर में यूआईटी सचिव भी रह चुकी हैं। उनका यूआईटी का कार्यकाल भी अच्छा रहा था। वहीं खैरथल-तिजारा के कलेक्टर के कार्यकाल को भरी सराहा गया है। वहीं अलवर में कलेक्टर रहे जितेंद्र सोनी के बाद कोई अफसर नहीं टिक पाया। अविचल चतुर्वेदी को विधानवभा चुनावों के बीच में राज्यपाल के आदेश से लगाया था। चुनाव सम्पन्न होने व मंत्रियों को विभागों का जिम्मा मिलते ही उनका अलवर से तबादला कर दिया। वहीं अलवर आने वाले नए कलेक्टर आशीष गुप्ता भी 6 माह पूर्व ही जैसलमेर लगे थे। आशीष गुप्ता 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

## कोटपूतली में बारिश से फिर धंसी सीवरेज लाईन, जगह-जगह हुये गड्ढे

- बारिश से सड़कें, गली, मौहल्ले, कॉलोनियां पानी से हुई लबालब



बारिश ने सीवरेज लाईन में बरती जा रही लापरवाही की पोल खोली

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली में शुक्रवार दोपहर बाद कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में आई भारी बारिश ने भादो के महिने में कोटपूतली क्षेत्र को तर-बतर कर दिया। जानकारी अनुसार कुछ सप्ताह पूर्व यहाँ भारी उमस के मौसम के बाद वर्षा ने उमस से तो राहत दिलाई थी लेकिन लगातार हो रही बारिश ने कस्बे की सडकों को सूखने नहीं दिया था। बारिश के मौसम के साथ ही कोटपूतली कस्बे की सफाई व्यवस्था भी बुरी तरह बेहाल है एवं जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुये हैं।

जिसके चलते बुधवार को ही नगर परिषद के पार्षदों ने आयुक्त धर्मपाल जाट को ज्ञापन सौंपते हुये सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करवाये जाने की मांग की थी साथ ही जमकर हंगामा भी किया था। कस्बे की मुख्य सडकों से कचरों के ढेर तो हट नहीं पाये, लेकिन शुक्रवार को दोपहर बाद हुई बारिश ने कोढ में खाज का काम कर दिया। सडकों पर जमा खचरा नाले व नालियों में जमा हो गया। हमेशा की तरह गंदगी, कचरे व नालों की सफाई ना होने के चलते यहां अधिकारियों द्वारा सफाई व्यवस्था को लेकर किये जा रहे दावों की पोल खुलती हुई दिखाई दी। भारी बारिश से यहाँ की मुख्य सडकों सहित आम रास्तों पर पानी जमा हो गया। वहीं कस्बे की विभिन्न कॉलोनियां, गली व मौहल्ले भी जलमग्न दिखाई दिये। वहीं यहाँ निर्माणाधीन सीवरेज लाईन की बात की जाये तो यह हमेशा की तरह फिर से कस्बेवासियों के लिए परेशानी का सबब बन गई। रूक-रूक कर दो से तीन घण्टे तक निरन्तर आई बारिश के कारण कस्बे की विभिन्न कॉलोनियों में निर्माणाधीन सीवरेज लाईन के गड्डे धंस गये। कस्बे के वार्ड नं. 36 गोविन्द विहार कॉलोनी में सीवरेज लाईन चैम्बर के आसपास की मिट्टी बैठ जाने से कई फिट गहरे गड्डे हो गये। यहीं नहीं इसके लिये खोदी गई पाईप लाईन ने भी आसपास से जगह छोड दी। लोगों की माने तो सीवरेज लाईन निर्माण कार्य की गुणवत्ता को ठेकेदार कम्पनी द्वारा बेहद निम्न दर्जे का रखा गया है। सीवरेज लाईन के चैम्बर बिछाने के बाद गड्डों को भरने का कार्य निर्धारित नियमों के अनुसार नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते बार-बार इसमें गड्डे हो रहे है। गड्डे होने से चौपहिया वाहनों का निकलना दुभर हो जाता है। वहीं दुपहिया वाहन चालकों एवं राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पडता है। बहरहाल सीवरेज लाईन बिछाने में बरती जा रही लापरवाही व काम मे ली जा रही घटिया सामग्री की पोल समय-समय पर प्रकृति द्वारा खोली जा रही है। किन्तु बावजूद इसके भी जिम्मेदारों के कानों तक जुं नहीं रेंगना जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवालिया निशान खडे करता है।

## शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम

**टोंक, (निसं)।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा टोंक के राजयोग भवन में शिक्षक सम्मान समारोह और शिक्षक समृद्ध सशक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी मीना लसारिया, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीताराम गुप्ता, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाल लाल मीणा तथा बडी संख्या में जिले के शिक्षक और शिक्षिकाएं शामिल हुई। टोंक सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों को कहा कि आपके हर कर्म से बच्चों को शिक्षा मिलती है इसलिए हर कर्म सोच समझ करना चाहिए। शिक्षा में यदि आध्यात्मिकता का समावेश हो जाए तो बच्चों की भौतिक उन्नति के साथ-साथ नैतिक आध्यात्मिक चारित्रिक उन्नति भी हो सकती हैं जो वर्तमान समय के लिए बेहद आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीताराम गुप्ता ने कहा बच्चों का निर्माण और प्रलय शिक्षक की गोद में पलता हैं इसलिए शिक्षक चाहे तो पूरे राष्ट्र को सशक्त राष्ट्र बना सकता है। उन्होंने कहा कि आप सब सर्वश्रेष्ठ पद पर असिन है। पूरे समर्पण भाव के साथ आपने कर्तव्य पथ पर चलते रहे।

## सार-समाचार

### पाठ्यसामग्री का निःशुल्क वितरण



**फागी, (निसं)।** सुचारू अध्ययन के लिए बालक बालिकाओं को शुक्रवार को नि:षुल्क पाठयसामग्री का वितरण किया। कस्बे के लक्ष्मी विद्या मन्दिर में आयोजित वितरण समारोह में संस्था के निदेषक रामेष्वर प्रसाद मानहाला ने बताया कि बालक बालिकाओं के सर्वागीण विकास के लिए अध्ययन को सुचारू रखने के लिए विद्यालय में अध्ययनरत आरटीई के तहत 60 बालक बालिकाओं को नि:शुल्क शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया।

### प्रतिभावानों को टेबलेट बांटे

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के जोबनेर रोड स्थित सेठ सूरजमल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. संजय यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को टैबलेट वितरण किया गया। इसी क्रम में क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम पंचायत तेज्या का बास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भी स्कूल की प्रिंसिपल नीलम पालीवाल की अध्यक्षता में सरकार की टेबलेट योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन कर मेघावी छात्र-छात्राओं को टेबलेट देकर सम्मानित किया गया साथ ही बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर सरपंच शान्ति देवी कुमावत, वार्ड पंच संजू वर्मा, समाजसेवी मनोज कुमार देवन्दा, निर्मल गोरामा, आशा वर्मा, रमेश नायक, सरिता सैनी, बिदाम देवी, ममता चौधरी, सीमा यादव, सुमन चौधरी, किरण गोदारा, अनुष्का कुमावत, पुष्पा चौधरी, रोहित चौधरी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### खंडेला धाम रथयात्रा का करेंगे स्वागत

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** खंडेलवाल वैश्य तीर्थ स्थान ट्रस्ट खंडेला धाम द्वारा आयोजित की जा रही भारत भ्रमण रथ यात्रा के श्रीमाधोपुर पहुंचने पर किए जाने वाले भव्य स्वागत की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। खंडेलवाल वैश्य समाज श्रीमाधोपुर के अध्यक्ष नंदकिशोर खूटेटा ने बताया कि खंडेलवाल वैश्य तीर्थ स्थान द्वारा आयोजित रथयात्रा खंडेलवाल धाम खंडेला गणेश मंदिर से शनिवार 7 सितंबर को दोपहर 3.15 बजे से भारत भ्रमण के लिए रवाना होगी जो 7 हजार किलोमीटर की यात्रा करेगी। यह रथयात्रा 7 सितंबर को शाम 5 बजे श्रीमाधोपुर पहुंचेगी। बताया गया कि स्थानीय खंडेलवाल वैश्य समाज की ओर से गौशाला श्रीमाधोपुर के पास भारत भ्रमण रथयात्रा के प्रवेश करने पर यात्रा का स्वागत किया जाएगा, तत्पश्चात यह यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए खंडेलवाल वैश्य पटवारी धर्मशाला पहुंचेगी। वहां पर रथयात्रा में आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा। यह रथयात्रा खंडेला वैश्य समाज में धाम की विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु आयोजित की जा रही है।

### शिक्षा श्री सम्मान से मूलचंद सम्मानित

**अलवर, (निसं)।** शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले भामाशाह मूलचंद मीना को शिक्षा श्री की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने स्कूलों में अनेकों विकास कार्य करवाएं है। सार्वजनिक विकास, पौधे लगवाना भामाशाह मूलचंद का एक जूनून बन गया है। भामाशाह मूलचंद मीना की टोडा जयसिंहपुरा में संत मार्बल के नाम से माईंस है और वे अलवर जिले में प्रमुख समाजसेवी में गिने जाने वाले भामाशाह है। उन्होंने अनेकों स्कूलों में कमरे, बच्चों को स्कूल की वर्दी, किताबे आदि उपलब्ध कराने में अतुल्य योगदान किया है वही मूलचंद मीना ने अपने जीवन काल में अनगिनत पेडों को लगवाए है जो अब काफी बडे हो चुके है। भामाशाह मीना ने समाज के अनेकों सार्वजनिक कार्यो में बढचढ कर भाग लिया है। उनका कहना है कि कोई समाजिक कार्य हो वे हर समय जनता की सेवा में तन, मन और धन से उपलब्ध है।

### खेलनिया में रात्रि चौपाल आयोजित

**टोंक, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ.सौम्या झा की अध्यक्षता में उनियारा उपखंड की ग्राम पंचायत खेलनिया के राजीव गांधी सेवा केंद्र में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। जिला कलेक्टर ने परिवादियों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर परिवादियों से चर्चा कर मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी ग्रामीणों की परिवेदनाओं का सात दिवस में निस्तारण कर उन्हें तत्काल राहत पहुंचाएं। रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से पात्र लोगों को अधिकाधिक लाभान्वित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग इन योजनाओं का जन-जन में बेहतर प्रचार-प्रसार करें, ताकि जरूरतमंद लोगों को इन योजनाओं की जानकारी हो सके। जनसुनवाई के दौरान जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिष्ठा पिलानिया, पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद, विकास अधिकारी सविता राठौड समेत अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### बच्चों को विभिन्न किस्म के पौधे बांटे

**आमेर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के खोरा मीणा के सरकारी विद्यालयों, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोरा मीणा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय खानियावाला, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कांकरेल, राजकीय प्राथमिक विद्यालय तलाई स्टेंड, राजकीय प्राथमिक विद्यालय चककोठिया में लगभग 751 पौधे, बील, जामुन, सीताफल, मीठा नीम आदि बच्चों को वितरित किए गये। इसी क्रम में खोरा मीणा जनपरिवर्तन सोसायटी के अध्यक्ष बाबूलाल मीणा, सचिव शिवपाल मीणा, रामनारायण मीणा, उपाध्यक्ष कालूराम चांदोलिया, कोषाध्यक्ष गिरधारी जांगिड, सलाहकार मंत्री महेंद्र पोस्टमैन, थानाराम, छोटेलाल, रामकेश, रोशन, कैलाश, दामोदर, आजाद, सिद्धार्थ मौजूद रहे।

### मिहीरभोज जयंती मनाई

**टोंक, (निसं)।** अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा टोंक की ओर से शुक्रवार को मिहीर भोज जयन्ती श्री देवनारायण गुर्जर छात्रावास में अन्तर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत मिहीर भोज की प्रतिमा पर माला-पुष्प व दीप प्रजवलित कर की। जयन्ती गुजर्र महासभा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र गुर्जर के नेतृत्व में मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव भगवान चांड ने मिहीर भोज की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा युवाओं को मिहिर भोज की जीवनी से प्रेरणा लेने पर बल डाला।

## भेड, बकरी पालन तकनीक किसानों तक पहुंचाने को लेकर एमओयू

**मालपुरा, (निसं)।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिषद नई दिल्ली के अधिनस्थ संचालित केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर निदेशक डॉ.अरूण कुमार तोमर एवं आकाशवाणी केन्द्र जयपुर के निदेशक निलेश कुमार कालभोर के बीच भेड पालन तकनिकीयों को किसानों के द्वार पहुंचाने को लेकर एमओयू हुआ।

तोमर ने बताया कि इस एमओयू का उदेश्य गांव के अन्तिम छोर पर रहने वाले किसानो तक अविकानगर संस्थान की वैज्ञानिक पद्धति से भेड, बकरी पालन के ज्ञान को पहुंचा किसानों को लाभान्वित करना है। तोमर ने बताया कि आकाशवाणी केन्द्र जयपुर द्वारा भेडा री बांता कार्यक्रम पर अविकानगर के विभिन्न विषय विशेषज्ञ वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को भेड पालन के विभिन्न पहलू पर विस्तार से जानकारी आकाशवाणी केन्द्र के माध्यम से दी जायेगी। जिसका सीधा प्रसारण भी होगा। देश मे दूर-दराज एवं गांव-ढाणी के किसान जो किसी कारणवश उन्नत तकनिकी की भेड, बकरी पालन की जानकारी व तकनिकी ज्ञान के लिये संस्थानो एवं विश्व विद्यालयों में नहीं जा पाते है। उनको आकाशवाणी केन्द्र के माध्यम से संस्थान एक नवीन पहल पर भेड पालन तकनिकीयों को किसानों के गांव-ढाणी तक पहुंचाया जायेगा। दोनो संस्थानो के बीच हुये एमओयू के बीच दोनो केन्द्रो के निदेशको के साथ अविकानगर संस्थान के पोषण विभाग अध्यक्षा डॉ. रणधीर सिंह भट्ट,एजीबी विभाग अध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ सार्थी मिश्र, प्रसार विभाग प्रभारी डॉ. लीलाराम गुर्जर भी मौजूद रहे।